तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 खदान के पास हादसों का जोन विधायक ने जताई नाराजगी



## खबर संक्षेप

### प्रदेश का लोक पर्व हरेली आज

**बैकुण्ठपुर।** प्रकृति और कृषि से जुड़ा प्रमुख लोक पर्व हरेली 24 जुलाई को ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लास के साथ मनाया जाएगा। हरेली पर्व प्रतिवर्ष सावन माह के अमावस्या को मनाया जाने वाला प्रमुख लोक पर्व है। यह दिन किसानों के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस दिन किसान अपनी खेती के औजारों के अलावा पशुओं की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। माना जाता है कि इससे अच्छी फसल होती है और घरों में सुख -समृद्धि आती है। साथ ही इस दिन युवकों के द्वारा उत्साह के साथ गेडी दौड़ का आयोजन भी करते हैं और घरों में विशेष तरह के पारंपरिक व्यंजन भी बनाए जाते हैं। हरेली केवल कृषि व ग्रामीणों का पर्व ही नहीं है बल्कि यह प्रकृति के प्रति आभार सामुदायिक एकता और प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक पहचान का भी है।

### प्रशांत बने खाद्य विभाग के सांसद प्रतिनिधि



**मनेन्द्रगढ़।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने प्रशांत कुमार जायसवाल को खाद्य विभाग विकासखंड मनेन्द्रगढ़ का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति क्षेत्रीय प्रशासनिक कार्यो में समन्वय और जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए की गई है। श्री जायसवाल को मिली इस नई जिम्मेदारी पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सभी ने आशा जताई कि श्री जायसवाल जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में सहयोगी बनेंगे।

### जनदर्शन में आए 20 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा ने बीते 22 जुलाई को भरतपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए।

### जिले में अब तक 498.2 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख



विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 8.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 681.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 22 जुलाई तक जिले में कुल औसत 498.2 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 432.4 मिमी, खड़गवां में 415.0 मिमी, चिरमिरी में 448.7 मिमी, केल्हारी में 412.9 मिमी, भरतपुर में 599.5 मिमी और कोटाडोल में 681.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### आधार कार्ड कैंप का निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली बुधवार को जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत भवन चंगेरी में आयोजित आधार कार्ड पंजीयन शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आधार पंजीयन की संपूर्ण प्रक्रिया को निकट से देखा और नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर श्री पंचोली ने अपने समकक्ष 4 वर्षीय बालक गौरव सिंह का आधार पंजीयन स्वयं की उपस्थिति में करवाया। उन्होंने बायोमेट्रिक विवरण, फोटो अपलोडिंग एवं दस्तावेज सत्यापन जैसी प्रक्रिया को बारीकी से समझा। कलेक्टर ने उपस्थित स्टाफ से शिविर में आने वाले नागरिकों को सहज, पारदर्शी एवं त्वरित सेवा उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया।

---

### रोजाना सैकड़ों लोगों की रहती है आवाजाही, सुधार की मांग

# कटोरा रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क बदहाल

> जिले के नगर पंचायत पटना स्थित मुख्य मार्ग पर सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है, इसके चलते लोगों को आवागमन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



बदहाल सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मिली जानकारी के अनुसार पटना भैयाथान मार्ग पर कटोरा रेल्वे स्टेशन मोड के चौक के पास का सड़क इन दिनों बरसात में खस्ताहाल हो गया है, इसके मरम्मत करने की दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इसके चलते प्रतिदिन खस्ताहाल मार्ग से होकर कटोरा रेल्वे स्टेशन की ओर लोगों को आना-जाना पड़ रहा है। गायत्री मंदिर चौक के पास सड़क की स्थिति काफी ⏭ शेष पेज 4 पर

#### दर्जनों बड़ी गाड़ियां गुजरती है प्रतिदिन

नगर पंचायत पटना के गायत्री मंदिर चौक के पास सड़क की हालत खस्ताहाल हो गई है। कुछ दिनों पूर्व अत्यधिक खराब स्थिति होने पर मुरूम डाल दी गई थी, लेकिन भारी बरसात के बाद फिर से स्थिति और ज्यादा खराब हो गई। उल्लेखनीय है कि पाण्डवपारा कॉलरी क्षेत्र से प्रतिदिन दर्जनों बड़ी गाड़ियां कोयला लोडकर कटोरा साइडिंग तक कोल परिवहन करते हैं, इसके चलते चौक के पास स्थाई मरम्मत करने की जरूरत है।

#### बाजार की मुख्य सड़क पर गड्ढा

नवगठित नगर पंचायत पटना के मध्य स्थित बाजार का मुख्य मार्ग पर भी एक स्थान पर जानलेवा गड्ढा हो गया है। इसमें इन दिनों बरसात में पानी भरा हुआ है। उक्त स्थल पर सावधानी से आवागमन नहीं किए तो जानलेवा गड्ढे के कारण दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। सड़क पर गड्ढा काफी दिनों से है, लेकिन इसके सुधार की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि बाजार क्षेत्र का प्रमुख मार्ग है, जिससे होकर प्रतिदिन लोगों का आना-जाना लगा रहता है।



---



विद्यालय परिसर में शराब की बोतलें।

## विद्यालय परिसर में शराब की बोतलें असामाजिक तत्वों का रहता है डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के मध्य स्थित प्रतिष्ठित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में शराब की बोतल किनारे हिस्से में पाई गई,जो यह जानने के लिए काफी है कि स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों के द्वारा स्कूल बंद होने पर शाम ढलने के बाद शराबखोरी किया जाता है, जबकि कोरिया जिले के समस्त विद्यालयों में धुम्रपान निषेध परिसर का फ्लैक्सी लगाकर विद्यालय परिसर को सुरक्षित एवं धुम्रपान रहित क्षेत्र बनाने की दिशा में नशामुक्त क्षेत्र घोषिता किया गया है, बावजूद इसके शहर के मध्य स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय के किनारे हिस्से में बने सीढ़ियों पर शराब की बोतले पड़ी हुई मिली।

विदित हो कि शहर के सबसे पुराने विद्यालय में से एक ⏭ शेष पेज 4 पर

#### मिनी स्टेडियम परिसर में भी नशाखोरी

स्वामी आत्मानंद व रामानुज विद्यालय के खेल मदान को मिनी स्टेडियम बनाया गया है। शाम ढलने के बाद मिनी स्टेडियम क्षेत्र में असामाजिक तत्व मिनी स्टेडियम के किनारे हिस्से में रात्रि के समय क्षेत्र के सूनेपन का फायदा उठाकर नशाखोरी के लिए करते हैं। कई बार मिनी स्टेडियम के किनारे हिस्से में शराब की बोतले बिखरी मिली हैं। आए दिन रात्रि में कई असामाजिक तत्व मिनी स्टेडियम के किनारे हिस्से में सुरक्षित नशा करने के लिए जुटते हैं।

---

## लापरवाह पशुपालक : बेजुबान गौवंशों की सड़क पर मौत

**बैकुण्ठपुर।** बीती रात्रि करीब 9:30 बजे जिला सत्र न्यायालय के सामने कलेक्टर ऑफिस रोड पर बैठे हुए गौवंशों के झुंड को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी और कार चालक मौके से फरार हो गया।

इस हादसे में तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सुबह गौ रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे, ग्राम सचिव बनवारी साहू, बैकुंठपुर नगर पालिका के सफाई प्रभारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मृत गौवंशों का जेसीबी की सहायता से अंतिम संस्कार करवाया गया, वहीं घायलों को उपचार के लिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। यह समस्त कार्य नगर पालिका बैकुंठपुर की टीम ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए किया, जबकि यह क्षेत्र अब ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। पूर्व में यह क्षेत्र चरचा नगर पालिका में था, लेकिन अब ग्राम पंचायत के अधीन होने के बावजूद न तो ग्राम पंचायत और न ही चरचा नगर पालिका ने कोई जिम्मेदारी दिखाई। हादसे के 14 घंटे बाद भी चरचा नगर पालिका का कोई जवाबदार कर्मचारी घटना स्थल पर नहीं पहुंचा। ज्ञात हो कि कलेक्टर द्वारा सभी ग्राम पंचायतों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि सड़कों पर बैठे गौवंशों को हटाने के लिए विशेष टीम गठित की जाए, परंतु ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी इन आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं।



---

### श्री छोटे सिद्धबाबा पंचमुखी हनुमान मंदिर नई लेदरी में रूद्राभिषेक

**मनेन्द्रगढ़।** श्रावण मास के पावन अवसर पर द्वितीय सोमवार को श्री छोटे सिद्धबाबा पंचमुखी हनुमान मंदिर नई लेदरी में रूद्राभिषेक के उपरांत भव्य खीर भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव व हनुमानजी का पूजा-अर्चना किए और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं बुधवार को सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रूद्राभिषेक, हनुमान चालीसा पाठ और भजन-कीर्तन के साथ माहौल भक्तिमय हो गया। मंदिर समिति और सेवा भावी श्रद्धालुओं के सहयोग से विशाल खीर भंडारा आयोजित हुआ। इसमें सभी श्रद्धालुओं को श्रद्धा से प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष रूद्राभिषेक किया जा रहा। पंडित त्रिभुवन नाथ पाण्डेय ने बताया कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सेवा कार्य भी आयोजित किए जाएंगे।



- श्रावण सोमवारी पर पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशाल भंडारा

---

## बैकुंठपुर एरिया में बीएमएस का परचम लहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

- सदस्यता सत्यापन में 721 मतों से बनी नंबर 1 यूनियन

एसईसीएल के बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा आरओ, जोहिला, पंडोपारा एवं कटकोना माइंस को मिलाकर गठित बैकुंठपुर एरिया में बीएमएस यूनियन ने इस वर्ष सदस्यता सत्यापन में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

चरचा क्षेत्र की प्रतिष्ठित यूनियन वेरिफिकेशन प्रक्रिया 19 एवं 21 जुलाई को संपन्न हुई। इसमें बीएमएस यूनियन को 721 कर्मचारियों का विश्वास प्राप्त हुआ। कांग्रेस समर्थक इंटक यूनियन से 222 मतों के भारी अंतर से बीएमएस ने पहला स्थान हासिल किया। यूनियन वेरिफिकेशन के परिणाम जैसे ही जारी हुए, बीएमएस कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। आतिशबाजी और नारेबाजी के बीच विजय जुलूस निकाला गया। कार्यकर्ताओं ने बीएमएस कार्यालय पहुंचकर ⏭ शेष पेज 4 पर



#### विजय के बाद कार्यकर्ताओं का जोश

बीएमएस यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि यह जीत श्रमिक साथियों की है। चरचा क्षेत्र के कर्मचारियों ने लगातार तीसरे वर्ष हमारा साथ दिया है। हमारी यूनियन सेवा और समर्पण की भावना से काम करती है और आगे भी श्रमिक हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में जितेन्द्र श्रीवास्तव, सुशील शर्मा, रंजीत चटराज, विनोद ढुबे, प्रवीण डेहरिया, विजय मिंज, रघुपत मिश्रा, रणधीर सिंह, घनश्याम जायसवाल सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हालांकि कुछ वरिष्ठ श्रमिकों ने यह भी सवाल उठाया कि सदस्यता सत्यापन के दौरान पदाधिकारी जिस सक्रियता और सहयोग का परिचय देते हैं, वे रवैया चुनाव बाद भी बना रहना चाहिए।

---

## जनप्रतिनिधि बन रहे टीबी मरीजों के निक्षय मित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कलेक्टर की अपील का असर

टीबी मुक्त भारत अभियान को जिले में जनांदोलन बनाने की दिशा में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अपील अब असर दिखा रही है। टीबी मरीजों को पोषण सहायता देने निक्षय मित्र के रूप में अब जनप्रतिनिधि आगे आ रहे हैं।

मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी बचरा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति (स्वास्थ्य विभाग) श्रीमती सुषमा कोराम और जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति (कृषि विभाग) श्रीमती स्नेहलता उदय ने अपने-अपने क्षेत्र के 5-5 टीबी मरीजों को गोद लेकर 6 माह तक प्रोटीन युक्त पोषण आहार देने की घोषणा की। श्रीमती सुषमा कोराम ने कहा कि यह एक पुनीत कार्य है। कोई भी नागरिक या जनप्रतिनिधि निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषण सहायता दे सकता है।

वहीं श्रीमती स्नेहलता उदय ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, सीईओ जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी और सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपकी पहल से हमें अपने क्षेत्र की सेवा का अवसर मिला। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि वर्तमान में जिले में 128 टीबी मरीज नियमित दवा ले रहे हैं। सामान्य टीबी का इलाज लगभग 6 माह चलता है, जिसमें पोषण आहार की बड़ी भूमिका होती है।

### नगर के बैंकों के आसपास सूदखोर सक्रिय

**बिजुरी।** नगर के कोयलांचल क्षेत्र में बैंकों के आसपास सूदखोरों और लोन दलालों का संगठित नेटवर्क सक्रिय हो गया है, जो भोले-भाले कालरी कर्मचारियों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ये सूदखोर और दलाल बैंकों के आसपास डेरा जमाए रहते हैं और उन कर्मचारियों को निशाना बनाते हैं जो किसी न किसी कारणवश बैंक लोन लेने के इच्छुक होते हैं। बताया जा रहा है कि ये दलाल खुद को लोन एजेंट या बैंक से जुड़े व्यक्ति बताकर कालरी कर्मचारियों से संपर्क करते हैं और उन्हें जल्दी लोन दिलाने का भरोसा देते हैं। बदले में वे मोटा कमीशन लेते हैं, जो लोन राशि का 10-20 प्रतिशत तक हो सकता है। यही नहीं, कई मामलों में कर्मचारियों से उनकी बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड तक ले लिए जाते हैं, जो दलालों के पास ही महीनों तक रहते हैं।

---

## ईडी के दुरुपयोग और महंगाई के खिलाफ सड़क पर उतरे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ द्वारा दो चरणों में प्रभावशाली विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का पहला चरण प्रातः 12 से दोपहर 2 बजे तक पीडब्ल्यूडी तिराहा में चक्काजाम के रूप में आयोजित हुआ। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा ईडी के कथित दुरूपयोग, विपक्षी नेताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हो रही कार्रवाई के खिलाफ सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता बारिश के बावजूद सड़कों पर उतरे। इस दौरान टायर जलाकर मार्ग अवरूद्ध किया गया और भाजपा सरकार के विरूद्ध तीखी नारेबाजी की गई।

वहीं दूसरे चरण में दोपहर 2 बजे कार्यकर्ताओं ने आमाखेरवा स्थित छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय का घेराव किया और बिजली दरों में लगातार हो रही बढ़ोतरी पर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान महंगाई और जन समस्याओं को लेकर जमकर नारेबाजी हुई और बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपा गया। इस विरोध में जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, सेवा दल, अनुसूचित जाति-जनजाति, अल्पसंख्यक विभाग समेत सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता काफी संख्या में शामिल रहे। जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। ⏭ शेष पेज 4 पर

---

### सुदूर वनांचल इलाकों का कलेक्टर चंदन ने किया निरीक्षण

## कलेक्टर के पूछे गए सवालों का छात्रा ने दिया फटाफट जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बुधवार को सोनहत विकासखंड के ग्राम उज्ञांव, सिंघोर और रामगढ़ का दौरा कर शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा ग्रामीण विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने बच्चों की पढ़ाई की स्थिति परखी, स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्यांकन किया, खेतों का भ्रमण किया और ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कलेक्टर सबसे पहले माध्यमिक शाला उज्ञांव पहुंची, जहां उन्होंने कक्षा छठवीं के बच्चों से जोड़, गुणा और भाग जैसे गणित के प्रश्न पूछे। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को नियमित पढ़ाई कराते हुए उनकी बुनियादी शैक्षणिक समझ को मजबूत करें। प्राथमिक शाला सिंघोर में उन्होंने कक्षा दूसरी की छात्रा परमेश्वरी और कक्षा पांचवीं की रामेश्वरी से प्रश्न पूछे, जिनके सटीक उत्तरों से कलेक्टर प्रसन्न हुईं। कलेक्टर ने परमेश्वरी को गिफ्ट के रूप में पेन देकर उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यही है कोरिया की असली प्रतिभा। हाईस्कूल सिंघोर में कक्षा नवमीं एवं दसवीं के छात्रों से संवाद कर उन्होंने चॉकलेट भेंट कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे नियमित स्कूल आएं और घर पर भी रोजाना 2-3 घंटे पढ़ाई करें। कलेक्टर ने कहा कि जब रोज स्कूल आओंगे तो आगे खूब बढ़ोंगे, इसलिए पढ़ाई बहुत जरूरी है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण भी की और केन्द्र में बच्चों को दर्ज संख्या के अनुसार पौष्टिक भोजन वितरण तथा गर्भवती महिलाओं को कोरिया मोदक वितरण के निर्देश दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामगढ़ में बेहतर साफ-सफाई पर संतोष जताया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र उज्ञांव में उन्होंने स्टाफ को निर्देश दिए कि ओपीडी के अलावा सप्ताह में 2-3 बार गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाएं और स्कूल-आंगनबाड़ियों में बच्चों की नियमित जांच कर मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी दें।

#### जल संरक्षण और आवास योजना पर विशेष ध्यान

ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत हितग्राहियों को मकान निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के लिए सरपंच से कहा। कलेक्टर ने किसानों से कहा कि जल स्तर बढ़ाने के लिए खेतों में 5 प्रतिशत मॉडल अपनाने का सुझाव दिया और सीढ़ीनुमा 4.4 फीट के सोख्ता गड्ढे बनाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान सोनहत एसडीएम राकेश साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, कृषि उप संचालक राजेश भारती और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस रावटे उपस्थित रहे।

---

## समन्वय से संचालित होगी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वच्छाग्रहियों के द्वारा संग्रहित किए जा रहे प्लास्टिक अपशिष्ट एवं निकायों में एकत्रित किए जा रहे प्लास्टिक अपशिष्ट के उचित प्रबंधन के लिए ग्राम पंचायत चनवारीडांड के एसआरएलएम सेंटर में शीघ्र स्थापित होगा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट, जिससे बिलिंग मशीन से एकत्रित प्लास्टिक को बंडल बना कर एवं सीडर मशीन से दाना बनकर प्लास्टिक का उपयोग संसाधन के रूप में किया जाएगा, इससे दोनों सेंटर की महिलाओं को जहां एक और आजीविका मिलेगी, वहीं दूसरी और एकत्रित प्लास्टिक से सड़क निर्माण एवं सीमेंट फैक्ट्री से अनुबंध स्थापित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### अंतर्राज्यीय अपराध पर नियंत्रण लगाने ली गई बोर्डर मीटिंग

**अम्बिकापुर।** आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के साथ अवैध गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से बोर्डर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में पड़ोसी राज्य यूपी, एमपी व झारखंड के अधिकारी भी शामिल हुए। बता दें कि एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर 21 जुलाई को एसडीओपी वाड्रफनगर राम अवतार ध्रुव की अध्यक्षता में बलरामपुर जिले से लगे सीमावर्ती राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड के पुलिस अधिकारियों के साथ बार्डर मीटिंग रेस्ट हाउस वाड्रफनगर की गई। पड़ोसी राज्य एमपी बैढ़न थाना के चौकी प्रभारी डोभा उनि नीरज चौहान, यूपी थाना प्रभारी बभनी निरीक्षक कमलेश पॉल, झारखंड के थाना प्रभारी ढुर्की उनि जनार्दन, सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान वारंट तामिली, अवैध गांजा, अवैध शराब, अवैध रेत परिवहन एवं मवेशी तस्करी में संलिप्त आरोपियों धर पकड़, अपराध की रोकथाम एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। मीटिंग में सीमावर्ती राज्य होने से एक राज्य के आरोपी के दूसरे राज्य में आकर छिपने का काम करते हैं, जिनकी पतासाजी हेतु एक-दूसरे का सहयोग करने संबंधी चर्चा भी की गई। मीटिंग में संयुक्त रूप से एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया जिससे जानकारी एक दूसरे से साझा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद मिल सके। बार्डर मीटिंग में अन्य कई विभिन्न विषयों विस्तृत चर्चा की गई।

### विधायक की मौजूदगी में शुरू हुआ एनएच पर गड्ढे भरने का काम



**राजपुर।** नगर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच 343 की जर्जर सड़क पर मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। विधायक के निर्देश के बाद एनएच विभाग व ठेकेदारों ने गड्ढों को भरने का काम शुरू कराया गया है। इस दौरान मरम्मत कार्य का विधायक ने निरीक्षण किया और अधिकारियों से चर्चा की। बता दें कि अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच एनएच 343 की सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है। जर्जर सड़क पर बने गड्ढों के कारण आवागमन मुश्किल हो गया था। इस दौरान आलम यह है कि कई यात्री बसें चलनी ही बंद हो गई है और लोग जर्जर सड़क पर दुर्घटना के शिकार हो रहे है। 110 किमी सड़क के निर्माण का टेंडर हो चुका है और ठेकेदार भी आ चुके है लेकिन समय रहते बारिश से पहले के पैच रिपेयरिंग का कार्य नहीं कराया गया जिससे यह स्थिति बनी हुई है। ऐसे में विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा विभाग के अधिकारी व ठेकेदारों से बात कर सड़क के मरम्मत हेतु चर्चा की थी। एनएच विभाग द्वारा सड़क मरमम्त का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को विभाग द्वारा बरियों, राजपुर गेउर नदी पुल के पास ठेकेदार ने सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मौजूदगी में सड़क के मरम्मतीकरण का काम शुरू कराया है। सड़क की समस्या को लेकर अधिकारियों व ठेकेदार से चर्चा की गई थी जिसके बाद यह काम शुरू हुआ है। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री व पूर्व जनपद सदस्य मुकेश गुप्ता, बरियो मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, ओम प्रकाश सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

### वाहन की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** दूसरे घर में मवेशी बांधने जा रहे वृद्ध को वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम बगडोल निवासी खोरा (70 वर्ष) गत दिन शाम को अपने दूसरे घर में मवेशी को बांधने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया।

## पखवाड़े भर से मशीन खराब, जांच कराने भटक रहे मरीज

# मरीजों को नहीं मिल रहा एक्स-रे सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलका-अधिना

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा का लाभ क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध हो तथा समय पर मरीज का उपचार हो सके इसके मद्देनजर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों की सुविधा के लिए भैयाथान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स रे की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे मरीजों को लाभ मिल सके लेकिन अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही व टेक्नीशियन के मनमानी रवैया के कारण मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा। आलम यह है कि एकस रे मशीन पिछले एक पखवाड़े से खराब पड़ी है लेकिन मरम्मत कराने किसी ने सुध लेना भी मुनासिब नहीं समझा जिसका खामियाजा अस्पताल आने वाले मरीजों को न सिर्फ भुगतना पड़ रहा है बल्कि एक्स रे कराने दर दर भटक रहे है।

**खास बात**

- निजी संस्था व जिला चिकित्सालय में कराते है एक्स-रे

भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर है। हर रोज बड़ी संख्या में आसपास गांव के लोग उपचार सहित जांच कराने अस्पताल आते है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लोगों की भीड़ होने तथा एक्स-रे जैसे सुविधा नहीं होने पर लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर साल 2018 में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन स्थापित की गई। अस्पताल में एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध हो जाने पर क्षेत्र के लोगों को बेहतर जांच व उपचार की आस जगी। लोगों की आस उस समय निराशा में बदल गई जब एक्स-रे मशीन की सुविधा होने के बावजूद इसका लाभ लोगों को नहीं मिल सका। अस्पताल में एक्स-रे की मशीन तो है लेकिन टेक्नीशियन के मनमानी के कारण मशीन का उपयोग नहीं हो रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में छोटा एक्स रे मशीन है परंतु एक्स-रे कक्ष हमेशा बंद होने से अस्पताल आने वाले मरीज न सिर्फ एक्स-रे कराने भटकने के साथ सूरजपुर के चक्कर लगाने को मजबूर है। सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में घायल हुए मरीज का एक्स-रे नहीं होने तथा रिपोर्ट नहीं मिलने पर उपचार भी शुरू नहीं हो पाती जिससे मरीज सहित परिजन को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।




बंद एक्स-रे कक्ष।

**बंद रहता एक्स-रे कक्ष**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बड़ी संख्या में मरीज जांच व उपचार कराने आते है। इसमें कई मरीज ऐसे होते है जिनका उपचार एक्स-रे के बाद ही चिकित्सक रिपोर्ट के आधार पर शुरू करते है। ऐसे में जांच कराने के पश्चात जब भी मरीज एक्स-रे कराने जाते तो पता चलता कि एक्स-रे कक्ष बंद है। परिजन का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स-रे की सुविधा तो है लेकिन एक्स-रे कक्ष हमेशा बंद रहता है जिससे निजी संस्था या जिला चिकित्सालय में एक्स-रे कराने के लिए जाना पड़ता है। ऐसे में 3 से 4 सौ रूपए का अनावश्यक बोझ पड़ता है।

**टीबी मरीज है परेशान**

भैयाथान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बड़ी संख्या में टीबी के मरीज आते है। जिनके लिए बलगम जांच के साथ एक्स-रे भी कराना अनिवार्य होता है। लेकिन एक्स-रे न होने से न केवल इलाज में देरी होती है बल्कि मरीज में संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है।

**15 दिनों से खराब है मशीन**

भैयाथान सीएचसी की एक्स-रे मशीन पिछले 15 दिनों से खराब है। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है और इंजीनियरों के पहुंचते ही मशीन दुरुस्त कर सेवा बहाल कर दी जाएगी।

-राकेश सिंह
बीएमओ भैयाथान



## खदान के पास हादसों का जोन विधायक ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतापपुर

महान-3 ओपन कास्ट कोयला खदान के समीप प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर आए दिन हादसे होते जा रहे हैं। सड़क के दोनों ओर खड़े भारी वाहनों के कारण दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। न सड़क दिखाई देती है, न नियमों का पालन तथा धूल डस्ट के मोटी चादर सड़क पर बिछी हुई। बरसात के कारण कीचड़ में तब्दील सड़क से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

- मौके का जायजा, थाना प्रभारी को दिए सख्त निर्देश

आज जब प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते अंबिकापुर से लौट रही थीं और खदान के पास पहुंचीं, तो वहां की स्थिति देखकर भड़क उठीं। चारों तरफ उड़ती धूल, धुंध से भरी सड़क, चेहरे पर कपड़ा बांधकर दोपहिया वाहन चालकों की लाचारी और सड़कों के दोनों किनारे ट्रकों की लंबी कतारें देख विधायक ने तत्काल खडगवां चौकी प्रभारी को मौके पर बुलाया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे इस तरह से ट्रक कतारबद्ध खड़े नहीं होने चाहिए। सड़क पर नियमित रूप से सुबह, दोपहर और शाम तीन बार पानी का छिड़काव किया जाए ताकि धूल की समस्या से राहत मिले। साथ ही खदान प्रबंधन और ट्रांसपोर्ट एजेंसियों को चेताया जाए कि भविष्य में इस तरह की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से एसईसीएल प्रबंधन को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि कोल परिवहन के नाम पर जनता की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अव्यवस्था और ट्रैफिक जाम से राहगीर परेशान हैं और एसईसीएल की जिम्मेदारी है कि वह अपनी गतिविधियों को अनुशासन में लाए। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो एसईसीएल के खिलाफ उच्चस्तरीय शिकायत की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी विधायक के हस्तक्षेप का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि अब स्थिति में बदलाव जरूर आएगा।



## श्री जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में सुभद्रा महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव

**बिश्रामपुर।** नगर के श्री जगन्नाथ मंदिर से जुड़ी सुभद्रा महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा मंदिर प्रांगण में धूमधाम से सावन उत्सव का आयोजन किया गया,इसमें उत्कल समाज सहित अन्य समाज की महिलाएं एकत्रित हुईं,यहाँ पर सावन उत्सव के अवसर पर पारंपरिक हरे रंग की साड़ी पहन कर महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी,साथ ही गायन एवं ओड़िसी नृत्य की प्रस्तुति भी की गई।इस अवसर पर सुभद्रा महिला मंडल के द्वारा सभी महिलाओं को सावन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान सुभद्रा महिला मंडल अध्यक्ष दीप्ति स्वाई समेत कोषाध्यक्ष अनुराधा प्रधान,मंजू स्वाइ,लक्ष्मी प्रधान,प्रियंका देहरी,नीलाद्री साहू,लक्ष्मी नायक, सुख ज्ञानी साहू,मीरा महापात्र,स्मिता कहर,प्रभासिनी नायक, दीपा सामंतराय, रीता प्रधान, निभा प्रधान, नर्मदा गोड़ व ममता यादव उपस्थित रहीं।

## अतिथि शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग में वर्ष 2016 से अतिथि शिक्षक (विद्या मितान) द्वारा व्याख्याता की स्वीकृत पदों पर नियमित व्याख्याता समान अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं परंतु आज तक इन्हें नियमित नहीं किया गया है जिसकी मांग लगातार अपने स्तर किया जाता रहा है। इसी तारतम्य में आज कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम से मिलकर ज्ञापन सौंप अपनी मांग को रखा।

जिस पर श्री नेताम ने आश्वासन दिया जो भी नियमानुसार सम्भव होगा उसे पूरा किया जाएगा। अतिथि शिक्षक संघ के जिला प्रतिनिधि मंडल द्वारा आज स्थानीय सर्किट हाउस में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर अपनी मांग के संबंध में ज्ञापन सौंप अपनी मांगों से अवगत कराया। श्री नेताम ने बातों को ध्यान से सुनते हुए आश्वासन दिया कि आप सभी का कार्य सराहनीय है। आपकी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए यथा संभव नियमानुसार जो भी उचित हो उसे पूरा करने का कोशिश किया जाएगा। बता दे कि भाजपा सरकार द्वारा ही 2016 में सरगुजा एवं बस्तर में विद्या मितान को हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर एवं बीएड अहर्ता धारी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार रखा गया था। बाद में पूरे प्रदेश में भी भर्ती की गई थी परंतु बच्चों का भविष्य बनाने वाले अतिथि शिक्षक अपने भविष्य के प्रति ससंकित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी नेता मंत्री से मुलाकात कर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगों को रख रहे हैं।



## विधानसभा क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए विधायक ने किया रुद्राभिषेक

**प्रतापपुर।** सावन के पावन महीना में बाबा जलेश्वर नाथ शिवपुर धाम में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने बाबा जलेश्वर नाथ शिवपुर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पातालगंगा में रुद्राभिषेक कर विधि विधान से पूजन किए तथा प्रतापपुर विधानसभा की सुख समृद्धि और विकास की कामना की। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि आनंद शुक्ला, मोहन पाण्डेय, अजीत शरण सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह, रामरतन गुप्ता, गुलाब मोहन तिवारी, सीबू सिंह, नीलम श्रीवास्तव, विक्रम सिंह, विक्रम नामदेव सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित थे।



## कोयला भविष्य निधि से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

कोयला क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को उनके भविष्य निधि और पेंशन दावों के निपटारे में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से कोयला खान भविष्य निधि संगठन ने एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल की है।संगठन ने 18 जुलाई को एक आधिकारिक आदेश जारी करते हुए भ्रष्टाचार और रिश्वत की घटनाओं की शिकायत दर्ज कराने हेतु हॉटलाइन नंबर की स्थापना की है।

यह कदम उस समय उठाया गया है,जब विभिन्न क्षेत्रों से यह शिकायतें मिल रही थीं कि पीएफ और पेंशन क्लेम के मामलों में रिश्वत मांगी जाती है या अनावश्यक देरी की जाती है।अब यदि कोई भी कर्मचारी या हितग्राही किसी भी अधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार या रिश्वत की मांग की जानकारी इस हॉटलाइन पर देता है,तो संबंधित क्षेत्रीय प्रमुख को प्राथमिकता के आधार पर उसी दिन दावे का निपटारा करना होगा।इसके लिए सभी क्षेत्रीय आयुक्तों, सहायक आयुक्तों को यह हॉटलाइन नंबर हितधारकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।सीएमपीएफओ ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि वे अपने संगठन में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।यह आदेश कोयला मंत्रालय के अधीन कार्यरत एमपीएफओ के आयुक्त कार्यालय धनबाद, झारखंड से क्षेत्रीय आयुक्त ग्रेविएंस एनके मिश्रा द्वारा जारी किया गया है।

## संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस पर मोंटफोर्ट स्कूल में संभाग स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन टीम सीआईएस सरगुजा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया और सूरजपुर जिले के 106 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

- सरगुजा संभाग के 106 खिलाड़ियों ने की भागीदारी

प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय स्विस लीग पद्वति से 6 चक्रों में हुई। ओपन वर्ग में वरूण सोनी विजेता, रोहन गुप्ता उपविजेता, सहज सिंह तृतीय, 15 वर्ष आयु वर्ग में मनीष विश्वकर्मा विजेता, यश कुमार गुप्ता उप विजेता, 13 वर्ष आयु वर्ग में ऋषभ देव भगत विजेता, आदर्श वर्मा उप विजेता, 11 वर्ष आयु वर्ग में अमिल अहमद विजेता, अरूप कुमार रे उपविजेता, 9 वर्ष आयु वर्ग में आदित्य अग्रवाल विजेता, आरूष पाण्डेय उप विजेता रहे। इसी प्रकार बालिका ओपन वर्ग में प्रेरणा तिग्गा, 15 वर्ष आयु वर्ग में अदिति सिंह, 13 वर्ष आयु वर्ग में अनन्या रे, 11 वर्ष आयु वर्ग में आयशा बानो और 9 वर्ष आयु वर्ग में नायशा यादव विजेता रहे। विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक सीनियर नेशनल आर्बिटर प्रदीप कुमार मंडल सह निर्णायक अंजुम, सरोज शांडिल्य, वर्तिका तिवारी, सुनीता राजवाड़े, शशांक तिवारी और रविशंकर गुप्ता तकनीकी सहयोग विद्यालय की पीटीआई निर्मला यादव ने किया। पुरस्कार वितरण प्राचार्य ब्रदर सेवक गेब्रियल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उन्होंने शतरंज को सबके बौद्धिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण के लिए महत्वपूर्ण किट बताया। प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव सरोज वैष्णव ने कहा कि इस तरह के आयोजन नियमित अंतराल पर होने चाहिए ताकि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता रहे। नेशनल इंस्ट्रक्टर शेष रतन जायसवाल ने विश्व शतरंज में भारत के बढ़ते वर्चस्व पर प्रकाश डालते हुए इस तरह के आयोजन से आने वाले समय में सरगुजा से भी विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार होने की बात कही। विश्वनाथ मनियन ने नौनिहालों को शतरंज में उपलब्धियां हासिल करने के टीप्स दिए। कार्यक्रम का संचालन विश्वास तिवारी ने और आभार प्रदर्शन योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने किया।



## अभद्रता और वित्तीय दबाव का आरोप, प्रभार नहीं बदलने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# सरपंच संघ ने प्रभारी सीईओ को हटाने कलेक्टर एवं जिपं सीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतापपुर

जनपद पंचायत प्रतापपुर में पंचायत प्रतिनिधियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। सरपंच संघ ने वर्तमान प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नृपेन्द्र सिंह के विरुद्ध कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल स्थानांतरण की मांग की है। सरपंच संघ ने प्रशासनिक अराजकता, सरपंचों की उपेक्षा, मनमानी, वित्तीय दबाव और कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

कलेक्टर एवं जिपं सीईओ को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि डॉ. नृपेन्द्र सिंह पशुपालन विभाग के अधिकारी हैं और पंचायत व्यवस्था की समुचित जानकारी न होने के कारण ग्राम स्तर की योजनाओं और क्रियान्वयन में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। सरपंचों का आरोप है कि डॉ. सिंह ने पदस्थापन के बाद से आज तक एक भी सरपंच बैठक आयोजित नहीं की है, जिससे शासकीय योजनाओं की जानकारी गांव तक नहीं पहुंच पा रही है। सरपंचों का आरोप है कि पंचायतों द्वारा 15वें वित्त आयोग की राशि से पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों के भुगतान में सीईओ अनावश्यक अड़ंगे डाल रहे हैं। वे यह निर्देश देते हैं कि भुगतान से पहले उनकी अनुमति आवश्यक है, जबकि पंचायत राज अधिनियम में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है।

यहां तक कि ग्राम पंचायत खातों में सीधे प्रतिबंध लगाकर भुगतान रोकने का प्रयास किया जा रहा है। सरपंच संघ ने यह भी बताया कि पंचायत सचिवों के स्थानांतरण में भारी मनमानी की गई है। कुछ सचिवों को चुनाव से पूर्व ही हटा दिया गया और अब पुनः स्थानांतरण कर दिया गया। डॉ. सिंह ने अपने पसंदीदा सचिवों को तीन-तीन पंचायतों का प्रभार सौंप कर पंचायत संचालन को असंतुलित कर दिया है। साथ ही सरपंच संघ ने शासन से नियुक्त अधिकारी जय गोविन्द गुप्ता को प्रतापपुर जनपद का कार्यभार सौंपे जाने की मांग की जिससे पंचायत व्यवस्था सामान्य हो सके और ग्राम विकास की रफ्तार को पुनः गति मिल सके। सरपंच संघ ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में डॉ. नृपेन्द्र सिंह को हटाकर नया सीईओ नहीं नियुक्त की गई तो जनप्रतिनिधि सड़क पर आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिव प्रसाद सिंह, लालमति, त्रिभुवन सिंह, अनिता, रूद्र प्रसाद, कृष्ण सिंह, सोनू सिंह, रीता, राम प्रसाद सहित विकासखंड के अन्य सरपंच मौजूद रहे।



## अज्ञात बदमाशों ने मध्य रात्रि केंद्रीय चिकित्सालय के डॉक्टर के घर घुसने का किया असफल प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

नगर में एक के बाद एक हो रही सिलसिलेवार चोरीयों सहित चैन स्नेचिंग की घटनाओं से जहाँ एक ओर नगरवासियों की नींद हराम हैं वहीं दूसरी तरफ पुलिस के लिए घटना का खुलासा कर पाना अब तक चुनौती बनी हुई है।चोरों के एक संगठित गिरोह ने सोमवार की मध्य रात्रि केंद्रीय चिकित्सालय में पदस्थ डॉ निरंजन कुमार के घर में घुसने का असफल प्रयास किया है।

घटना सोमवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे के आसपास की बताई गई है।बताया गया कि चिकित्सक और उनका परिवार खाना खाकर आराम कर रहा था, रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे के करीब संगठित चोर गिरोह के चार से पांच सदस्य उनके टूए कॉलोनी स्थित क्वार्टर नंबर सी 11 के पीछे एकत्रित होकर घर में घुसने का प्रयास कर रहे थे, ड्यूटी से लौटकर भोजन करने घर पहुंचे एएसआई शशि शेखर तिवारी जो डॉ निरंजन के आवास के ऊपर प्रथम मंजिल के क्वार्टर में रहते हैं, उन्होंने मुंह हाथ धोने के लिए जब घर के पिछले हिस्से का दरवाजा खोला तो देखा कि चार पांच लड़के डॉ निरंजन कुमार के घर के पिछले हिस्से से उनके घर में घुसने का प्रयास कर रहे हैं, तब तत्काल उन्होंने शोर मचाया और उन्होंने इसकी सूचना तुरंत डॉ निरंजन सहित बिश्रामपुर थाना स्टॉफ को मोबाइल से दी।

**सीएम के ओएसडी के घर हुई चोरी की पहेली अब भी अनसुलझी**

करीब दस दिवस पूर्व जीएम बंगला के निकट स्थित प्रदेश के मुख्यमंत्री के ओएसडी रवि मिश्रा के सुने घर हुए नगदी सहित चांदी के जेवरात व मूर्ति चोरी मामले में पुलिस चोरों की धरपकड़ के लिए काफी सक्रिय है।इसके अलावा करीब एक माह पूर्व डीएवी की शिक्षिका नीलम पांडेय के साथ टूए कॉलोनी में इवनिंग वॉक के दौरान हुई चैन स्नेचिंग,कुम्दा कॉलोनी रोड में हुई महिला के साथ हुई चैन स्नैचिंग की घटना,बलरामपुर खदान में एक सप्ताह पूर्व हुए चार से पांच लाख के बेशकीमती केबल की सशस्त्र चोरी,गत 31 मई को केशवनगर में स्वास्थ्य कार्यकर्ता शिखा बछाड़ के पुराने पंचायत भवन स्थित आवास में हुई नगदी व छह लाख के जेवरात की चोरी सहित थाना क्षेत्र में हुई कई चोरियों के मामले अब भी अनसुलझे हैं।



# संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

लाइफ Style

# फातिमा

## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



# वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



# स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'




# 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।

## टीवी मसाला



# सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

## अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं। अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।



# बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं।



इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।

# सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

**इमरान खान :** सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली वैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन :** आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर



बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव :** साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान :** इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए

# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



*नई दिल्ली। 'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

## खबर संक्षेप

### रीजनल हॉस्पिटल चरचा में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प आज

**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा रीजनल हॉस्पिटल में 24 जुलाई को निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर एसईसीएल रीजनल हॉस्पिटल एवं अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस हेल्थ कैम्प में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार के लिए उपस्थित रहेगी। विशेषज्ञों में शामिल किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय कुमार, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ.अक्षय सिंह, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश कोटवानी मौजूद रहेंगे। यह आयोजन एसईसीएल के महाप्रबंधक वीएन झा के नेतृत्व में, सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय सिंह की निगरानी में किया जा रहा है। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से चरचा क्षेत्र सहित आस-पास के नागरिकों को विशेष लाभ मिलेगा। किडनी, फेफड़ों और ईएनटी (नाक-कान-गला) से जुड़ी समस्याओं के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह और उपचार उसी दिन मुफ्त में उपलब्ध रहेगा। एसईसीएल द्वारा आयोजित इस तरह के चिकित्सा शिविर न केवल श्रमिकों बल्कि स्थानीय जनसमुदाय के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुंच आसान बनाते हैं, बल्कि यह कंपनी की सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की भावना का भी परिचायक है।

### भाजपा एमसीबी जिला की नई कार्यकारिणी घोषित

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी एमसीबी जिला की बहुप्रतीक्षित जिला कार्यकारिणी की घोषणा बुधवार को प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी जगदीश रामू रोहरा द्वारा की गई। प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी सूची में वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है, इससे संगठनात्मक मजबूती को नया आयाम मिलेगा। प्रमुख पदाधिकारी नियुक्ति की गई है। इसमें जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, उपाध्यक्ष राजकुमार वधावन, संजय राय, आशीष सिंह, गौरी सिंह, सरोज यादव, रामलाल साहू, महामंत्री द्वारिका जायसवाल, आशीष मजूमदार, मंत्री प्रवीण सिंह, हीरालाल यादव, पवन शुक्ला, सोनमती कुर्रे, सुशील सिंह, शैलेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज जैन, प्रवक्ता जमुना पांडेय, सह कोषाध्यक्ष आनंद गुप्ता, कार्यालय मंत्री प्रभारी रमेश यादव, सह कार्यालय मंत्री रामकृष्ण कुर्रे, जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी, सह मीडिया प्रभारी जवाहर, आईटी सेल संयोजक अरविंद अग्रवाल, सह संयोजक आईटी सेल दीपक देवांगन, सोशल मीडिया संयोजक मनोज केशरवानी, सह संयोजक सोशल मीडिया रमाशंकर सिंह रहे। इसके अतिरिक्त 66 स्थायी आमंत्रित सदस्य, 73 विशेष आमंत्रित सदस्य, 46 जिला कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किए गए हैं। जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व की सहमति और मार्गदर्शन में जमीनी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का प्रयास किया गया है।

### प्रभु श्रीराम के लिए 800 किमी की होगी यात्रा

# भरी बरसात में राम के लिए साइकिल पर निकला युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

भगवान राम के प्रति गहरी आस्था रखने वालों की कोई कमी नहीं है। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की घोषणा से लेकर मंदिर के निर्माण और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा तक समूचे देश और विदेश के राम भक्तों का जन सैलाब उमड़ने लगा था, तब से लेकर अब तक हर कोई अपने-अपने तरीके से भगवान राम के प्रति आस्था प्रकट कर रहा है। इन्हीं में से एक भक्त हैं बंसीताल का रहने वाला 19 वर्षीय युवक महेन्द्र सिंह ये कोई आम राम भक्त नहीं हैं।

ये प्रभु श्रीराम के ऐसे भक्त हैं जो स्थानीय स्तर पर कई बार साइकिल यात्रा कर चुके हैं। रामभक्त महेन्द्र सिंह पिता शुद्धु सिंह ग्राम बंसीताल विकासखंड मरवाही जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के निवासी हैं और अब सैकड़ो किमी से ज्यादा की यात्रा कर चुके हैं। छग के जीपीएम जिले के इस साहसी युवक महेन्द्र सिंह ने 22 जुलाई को अपने गांव बंसीताल से अयोध्या के लिए साइकिल यात्रा शुरू की है। प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाने के उद्देश्य से निकली इस यात्रा में युवक के मनेन्द्रगढ़ पहुंचने पर फईम खान, राजा पाण्डेय, राकेश अग्रवाल, रामचरित द्विवेदी ने साइकिल यात्री का भव्य स्वागत किया और यथा संभव उसकी मदद की। साइकिल यात्री महेन्द्र ने इस अवसर पर कहा कि यह देश में सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का प्रयास है और आगे भी वे इस तरह की यात्रा जारी रखेंगे। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई को मरवाही से शुरू हुई यह साइकिल यात्रा मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, पटना, भईयाथान, वाडफनगर, बभनी, रेनुकूट, चापन, रॉबर्टसगंज, मधुपुर चौक, मिर्जापुर रॉड, जौनपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर होते हुए अयोध्या में समाप्त होगी।



साइकल पर निकला युवक।

# बैकुंठपुर में विद्युत कार्यालय का घेराव, राज्यपाल के नाम ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा चौथी बार बिजली की दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ मंगलवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय का कांग्रेसियों द्वारा घेराव किया गया। इस दौरान काफी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप नारेबाजी करते हुए बढ़ी हुई दरों को वापस लेने की मांग की।

कार्यक्रम के पश्चात महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस का कहना था कि भाजपा की साय सरकार ने मात्र डेढ़ वर्ष के भीतर चौथी बार बिजली दरों में बढ़ोतरी कर आमजन, किसान और व्यापारी वर्ग पर आर्थिक बोझ डाल दिया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर-घरेलू (वाणिज्यिक) उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट और सबसे अधिक कृषि पंपों पर 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है।

किसानों की चिंता विशेष रूप से जताई गई कि जिस देश की अर्थव्यवस्था खेती पर टिकी हो, वहां पंपों की बिजली दरों में 50 पैसे की वृद्धि भुखमरी के कगार पर खड़े किसान को पूरी तरह तोड़ देगी। खाद, बीज, डीजल पहले से ही महंगे हैं, ऊपर से बिजली दर बढ़ा कर सरकार किसानों की रीढ़ ही तोड़ रही है। बिजली की बढ़ी हुई दरों को तत्काल वापस लेने, किसानों को राहत देने, स्मार्ट व प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त करने, अघोषित कटौती पर रोक लगाने, तथा निरंतर एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। इन तमाम मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जिला स्तरीय बिजली कार्यालय का घेराव किया।

## स्व. बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

**मनेन्द्रगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ के नेतृत्व में स्व. बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेसियों ने बिसाहू दास महंत वाटिका पहुंचकर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शर्मा ने स्व. महंत जी के संघर्षशील राजनीतिक जीवन, जनसेवा और सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जीवनभर जनहित के लिए कार्य किया। उनके सिद्धांत और मूल्य आज भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश शर्मा, रमेश सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, प्रभा पटेल, जिला प्रवक्ता सौरव मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष अनिल प्रजापति युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हाफिज मेमन, स्वप्निल सिन्हा, पूनम सिंह, गीतिका चंदेल, हारून मेमन, इमरान खान, हरजीत सिंह छाबड़ा, अजय अरोड़ा, राजेश सिंह, गिरधर जायसवाल, गोपाल यादव, बंटी रैना, विकास श्रीवास्तव, छोटेलाल वर्मा, अनिल वर्मा, नयन दत्ता, आशीष राय, ज्ञानेन्द्र सिंह, अमित पाण्डेय, रवि जैन, अरूण कटारे सहित महिला कांग्रेस, एनएसयूआई एवं सेवादल के प्रतिनिधियों सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



## नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए त्रि-दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत के मंथन कक्ष में राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत जिले के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का त्रि-दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्रीमती गीता राजवाड़े, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेहलता उदय एवं श्रीमती संगीता सोनवानी सहित कई प्रतिनिधि शामिल हुए।

प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर सभापतियों एवं उप संचालक पंचायत श्रीमती ऋतु साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रथम सत्र में श्रीमती ऋतु साहू ने प्रतिभागियों को भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों, नागरिकों के कर्तव्यों तथा स्थानीय स्वशासन की अवधारणा पर व्याख्यान दिया। इसके बाद 73 वें संविधान संशोधन और छग पंचायत राज अधिनियम 1993 पर डीपीआरसी संकाय सदस्य श्रीमती बीना यादव ने प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण के तीसरे सत्र में पेसा अधिनियम पर जिला अंकेक्षक नेसार खान द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अधिसूचित क्षेत्रों में पेसा अधिनियम की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है और जनप्रतिनिधि इसमें किस तरह योगदान दे सकते हैं। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट संघ द्वारा निर्धारित सतत विकास के लक्ष्यों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि इन लक्ष्यों का स्थानीयकरण कैसे किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका बढ़ाने, गरीबी उन्मूलन और समावेशी विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। मध्यांतर के पश्चात डीपीएम गरूण प्रसाद ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास के 9 थीम/विषयों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे पंचायतों को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से कार्यों की ऑनलाइन प्रविष्टि करनी है, जिससे योजनाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।



## सावन उत्सव में भक्तिरस में डूबा मनेन्द्रगढ़



**मनेन्द्रगढ़।** अनवरत हनुमान चालीसा समिति के तत्वावधान में सावन मास के अवसर पर सावन उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक रंगों की सुंदर छटा देखने को मिली। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और भजन-कीर्तन के साथ भक्तिरस में डूबकर नृत्य किया।

आयोजन में सम्मिलित सभी महिलाओं को हरे रंग का पारंपरिक श्रृंगार कर आमंत्रित किया गया था, जो सावन की सांस्कृतिक भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ. रश्मि सोनकर ने बताया कि सावन शिव भक्ति का महीना है और इसी को ध्यान में रखते हुए इस उत्सव का आयोजन किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल भक्ति भावना को जागृत करना है, बल्कि समाज में एकता और सामूहिकता को भी बढ़ावा देना है। हम जात-पात से ऊपर उठकर एकजुट होकर सभी पर्वों को मनाएं, यही इस आयोजन का संदेश है। उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं शिवमयी होकर भक्ति में लीन थीं और इस तरह के धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. रश्मि सोनकर, शीला सिंह, प्रतिमा प्रसाद, अनिता मिश्रा, रौशनी पनिका, पिंकी जायसवाल, सरिता पाण्डेय, रानी साहू, शीला उरांव, नीलम सोनी, अनामिका पटेल, प्रियंका जायसवाल, उर्मिला राव, स्वाती मिश्रा, बबीता सिंह, सोनी सिंह, आरती शिवहरे, कुसुम जायसवाल सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## बालिकाओं को मिला डिजिटल साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण




**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर एक अहम कदम उठाया गया।

शासकीय हाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झगराखांड में ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता विषय पर द्वितीय सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन महिला सशक्तिकरण (हब) मिशन शक्ति के अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक किया गया। यह सत्र वर्तमान समय में बालिकाओं के प्रति बढ़ते हुए साइबर अपराधों की रोकथाम और उनसे सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक था। सत्र में ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी, बैंकिंग जालसाजी, मैलवेयर, रैनसमवेयर, सॉफ्टवेयर चोरी, डी-डॉस हमले एवं साइबर जासूसी जैसे खतरों के प्रति जागरूकता पर विशेष बल दिया गया। पुलिस विभाग से उपस्थित श्रीमती उषा राजवाड़े ने बालिकाओं को इंटरनेट से जुड़ी सावधानियों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर अपराधों के प्रकार और उनसे कैसे बचा जाए, इस विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किशोरी बालिकाओं के लिए संचालित योजनाएं और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता के विषय में भी जानकारी दी।

## लाइवलीहुड कॉलेज में कौशल प्रतियोगिता का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य कौशल विकास प्राधिकरण एवं राज्य परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसाइटी के निर्देश पर कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला कौशल विकास प्राधिकरण श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह संचालक जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कौशल तिहार 2025 का आयोजन 21 से 31 जुलाई तक जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सलका बैकुंठपुर में आयोजित किया जा रहा है।

इसमें पीएमकेवीवाय एवं एमएमकेवीवाय योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवा ट्रेड वार प्रतियोगिता भाग लेने के लिए पंजीयन कर रहे हैं। 25 जुलाई को जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज में आटोमोटिव टेक्नोलॉजी, प्लंबिंग एंड हीटिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशन ट्रेड में प्रशिक्षित युवाओं के लिए प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता का मूल्यांकन वीआईसी समिति के द्वारा किया जाएगा, तथा चयनित प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त अभ्यर्थी को पुरूस्कृत भी किया जाएगा। जिला स्तर पर चयनित प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त युवाओं को राज्य स्तरीय कौशल तिहार में सम्मिलित किया जाएगा। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज प्राचार्य ए.पन्ना ने सभी प्रतिभागियों को प्रातः 10 बजे संस्था में उपस्थित होने को कहा है।

## भाकोखम संघ ने मारी बाजी



**पटना।** सदस्यता सत्यापन में भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ ने एक बार फिर बाजी मारी। भारतीय मजदूर संघ से जुड़े इस संगठन को कुल 1437 मत मिले। हिंद मजदूर सभा को 1086 वोट मिले। झिलमिली उपक्षेत्र में बीएमएस को 480 और एचएमएस को 325 वोट मिले। चर्चा आरओ में बीएमएस को 716 और एचएमएस को 362 मत प्राप्त हुए। श्रमिकों की घटती संख्या के बावजूद बीएमएस ने 2024 में अपने रिकॉर्ड को और बेहतर किया, इससे संगठन के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ। इस मौके पर बीकेकेएमएस के केन्द्रीय महामंत्री और एबीकेएमएस के राष्टीय महामंत्री सुजीत सिंह ने डीजे के साथ रैली निकाली। नगरवासियों का आभार जताया।

न्यायालय-व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश, जिला कोरिया (छ.ग.)

व्यवहार वाद क्र.-48 अ/2025 30.06.2025
बसंतराम सतनामी प्रति प्राचार्य आदर्श शिशु विद्यालय

प्रति,
01. प्राचार्य, आदर्श शिशु विद्यालय हायर सेकेन्डरी स्कूल, पाण्डवपारा कालरी, पो. पाण्डवपारा थाना-तहसील पटना, जिला कोरिया छ.ग.
02. जिला शिक्षा अधिकारी बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया छ.ग.
03. सर्वसाधारण

उक्त प्रकरण के विषय से संबंद्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए इस न्यायालय के समक्ष तारीख दिनांक 07.08.2025 को दिन में 11.00 बजे हाजिर हो। उपरोक्त दिनांक को आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण की पैरवी हेतु उपस्थित हो यदि पेशी के नियत दिनांक को कोई आकस्मिक अवकाश होने की दशा में आगामी दिनांक को न्यायालय खुलने पर उपस्थित हों। आपकी अनुपस्थिति कि दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय विचारण किया जायेगा।

यह आज तारीख 30.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगकर दी गई।

(धारिणी राणा)
अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

## पृष्ठ 1 का शेष

### कटोरा रेलवे स्टेशन...

खराब हो गई है। इस मार्ग से होकर कटोरा रेल्वे स्टेशन की ओर जाया जाता है। प्रतिदिन इस मार्ग से काफी संख्या में में लोगों का आना-जाना होता है तथा रेल्वे के यात्री इसी मार्ग से होकर कटोरा रेल्वे स्टेशन तक पहुंचते हैं, जिन्हें खस्ताहाल सड़क के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत क्षेत्र में इस सड़क के मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे कि लोगों को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### विद्यालय परिसर में...

शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के पुराने छात्रावास भवन का मरम्मत कराकर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय संचालित किया जा रहा है। इस विद्यालय में आने के लिए मुख्य मार्ग पर मुख्य गेट बना हुआ है, इसके अलावा परियोजना कॉलोनी तरफ से भी एक प्रवेश द्वार है। इसी ओर से प्रवेश करने के बाद विद्यालय का साइड के हिस्से में सीढ़यिा बनी हुई है, जहां शराब की बोतल पड़ी हुई मिली। शाम ढलने के बाद असामाजिक तत्व विद्यालय के इस भाग को अपने लिए सुरक्षित समझते हैं और कई असामाजिक तत्व इस क्षेत्र में सुरक्षित नशाखोरी करते हैं।

### बैकुंठपुर एरिया में...

एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और बधाई दी। पिछले वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष 2025 बीएमएस ने अपना खुद का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 1437 सदस्यता प्राप्त की। इसके बाद एचएमएस को 1086, एटक को 763, इंटक को 745 सदस्य मिले। वहीं नोटा (कोई नहीं) को 816 मत मिले ,जबकि सीटू यूनियन को लगातार दूसरे वर्ष कोई सदस्यता नहीं मिली।

### ईडी के दुरुपयोग...

उन्होंने कहा कि जब तक जनविरोधी नीतियों पर अंकुश नहीं लगेगा, कांग्रेस संघर्ष करती रहेगी। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि कांग्रेस अन्याय के विरूद्ध कंध से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ेगी। प्रदर्शन में अशोक श्रीवास्तव, गुलाब कमरो, सौरव मिश्रा, राजकुमार केशरवानी, प्रभा पटेल, राजेश शर्मा, राजेश साहू, रमेश सिंह, कासिम अंसारी, दिव्यम पांडेय, हाफिज मेमन, उपेन्द्र द्विवेदी, निर्मला चतुर्वेदी, अनिल प्रजापति, स्वप्निल सिन्हा, सैफ नियाजी, रूकमणि खोपरागड़े, साहिन अदिति पाराशर, हारून मेमन, नसीम अख्तर, अमोल सिंह मरावी, शंभू दादा, रामचंद्र श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## व्यापारियों को मिले फुटकर सिक्के




**बैकुण्ठपुर।** बाजार में चिल्हर को लेकर आ रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए चेंबर ऑफ कॉमर्स कोरिया के निवेदन पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बैकुंठपुर शाखा ने बुधवार को चिल्हर का वितरण किया। ज्ञात हो कि बैकुंठपुर में व्यापारियों द्वारा लगातार की जा रही चिल्हर की मांग को ध्यान में रखते हुए चेंबर ऑफ कॉमर्स कोरिया के द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बैकुंठपुर से व्यापारियों को चिल्हर की तकलीफ से राहत दिए जाने की मांग की गई। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए बुधवार को सुबह 12 बजे से स्थानीय शाखा में प्रति व्यापारी 5 हजार रूपए तक के पांच, दस एवं बीस के सिक्के उपलब्ध कराए गए। व्यापारियों को कुल 5 लाख तक के सिक्के उपलब्ध किए गए, इसके लिए अलग से विशेष काउंटर बनाया गया था। भविष्य में भी समय -समय पर इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से व्यापारियों को सुविधा उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन बैंक की ओर से दिया गया है। इस तरह के आयोजन से बैंक एवं व्यापारियों के बीच बेहतर संयोजन को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर स्टेट बैंक ब्रांच मैनेजर रामजी सोनी एवं चेंबर की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, चेंबर जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता, मयंक अग्रवाल, रवि गुप्ता, बाबा पाण्डे, अभय बड़ेरिया, प्रशांत शिवहरे, आंसू गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

